हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

11 बिना मैन्यूफेक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट लिखी खाद-बीज...



11 चार दिवसीय कार्यक्रम में 7 देशों के समाजसेवियो ने संयुक्त राष्ट्र...



## खबर संक्षेप

### अफीम-चूरा पोस्त सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो नशा तस्करों को काबू किया है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पहली कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिलवाग सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी चंद्रभान उर्फ भाना के घर पर दबिश दी।

### डोडा पोस्त मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को टोहाना पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक कुमार उर्फ शौकी पुत्र दलबीर सिंह वासी बाबा बुटा शाह बस्ती टोहाना के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पूर्व में ही एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### बेसहारा पशुओं के बढ़ते आतंक से लोग परेशान

**टोहाना।** शहर में बेसहारा पशुओं का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात्रि को दमकौरा रोड पर बेसहारा पशु लड़ते लड़ते रिहायशी कॉलोनी की गलियों में चले गए, जिससे कालोनी में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल हो गया। इन बेसहारा पशुओं के लडऩे की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके चलते लोग डर के चलते अपने घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए।

### राधाकृष्ण मंदिर में रुद्राभिषेक 10 को

**सिरसा।** प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर में सावन मास के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक का शुभारंभ आगामी 10 जुलाई से होगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह धार्मिक आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। यज्ञ के आयोजक पंडित पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शुभारंभ के दिन शर्मा परिवार भगवान शिव का अभिषेक करेगा। रुद्र महायज्ञ में विशेष रूप से भाग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष संपूर्ण विश्व मंगल और रोग ग्रह शांति के लिए किया जाता है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**टोहाना।** हरियाणा सेवा भारती शाखा द्वारा स्वामी दयानंद चिकित्सा केंद्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 42 मरीजो का निशुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में आवश्यक टेस्ट के बाद दवाइयां भी निशुल्क दी गई। यह कैंप अशोक जैन के आर्थिक सौजन्य से उनके युवा पुत्र स्वर्गीय गौरव जैन की स्मृति में लगाया गया।

### अग्रवाल पीरखाना में चोरी का प्रयास

**सिरसा।** श्री अग्रवाल पीरखाना मंदिर पुरानी मंडी, कालांवाली में चोरों ने गल्ले तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया, लेकिन चोर असफल रहे। सेवादार संजीव उर्फ संजू ने बताया कि रात्रि को पूजा पाठ के बाद वह घर चला गया। देर रात्रि को चोरों ने पीरखाने से 5 गल्ले उठाकर तोडऩे की कोशिश की, जब गल्ले नहीं टूटे तो चोरों ने तीन गल्ले तो वहीं छोड़ दिए और दो गल्ले उठाकर अपने साथ ले गए, लेकिन कालांवाली शहर चौकी पुलिस की गश्त के चलते रात करीब तीन बजे दादू रोड पर एक आदमी गल्ला उठाकर जाते हुए पुलिस पार्टी को दिखा, जिसपर वह पुलिस की गाड़ी को देखकर गल्ला छोड़कर भाग गया।

## बारिश से धान उत्पादक किसानों के चेहरे खिले

# मानसून: फतेहाबाद में बूंदाबांदी तो आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बरसात

### बादल छाये रहने से तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

देर रात को एक बजे फतेहाबाद में मानसून की पहली बारिश हुई तो लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई। सोमवार सुबह आसमान में काली घटायें छाई रही। सुबह करीब 6 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक बारिश की बूंदे गिरती रही लेकिन खुलकर बारिश नहीं हुई। बादल छाये रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। यहां अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जिले के टोहाना, भूना, जाखल, अहरवां, भिरड़ाना, भोडिय़ा सहित अनेक गांवों में जोरदार बारिश दर्ज की गई। टोहाना शहर में सोमवार को करीबन ढाई घंटे हुई बारिश के चलते मुख्य रास्ते पूरी तरह से जलमग्न हो गए और लोग अपने घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। शहर में करीबन 69 एमएम बारिश दर्ज की गई जिसका पानी करीबन एक घंटे में रोड से निकल पाया। बारिश के चलते शहर के रतिया रोड, जमालपुर रोड, हिसार रोड, भूना रोड, अंबेडकर चौक, चंडीगढ़ रोड, रामनगर, रेलवे रोड सहित अनेक जगहों पर जलभराव हो गया। बारिश के पानी में दुपहिया वाहन इलेक्ट्रिक स्कूटी, मोटरसाईकिल व कारें भी बंद हो गई जिसके चलते राहगीरों ने धक्का मारकर कार को शुरू करवाया। इस दौरान छोटे बच्चे बारिश के पानी में नहाते हुए नजर आए। शहर में हुई बारिश के चलते सदर थाना में पानी घुस गया जिसके चलते डीएसपी क्वाटर व अन्य कर्मियों के क्वाटर पर जाने का रास्ता भी बाधित हो गया। वहीं बस स्टैंड में पानी घुसने से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा इस बारिश के कारण नई सब्जी मंडी पूरी तरह से जलमग्न हो गई लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी क्योंकि निकासी समस्या को लेकर करीबन दो माह पूर्व सब्जी मंडी के आढ़तियों ने लिखित ज्ञापन मार्केट कमेटी सचिव को दिया था। लोगों ने कहा कि प्रशासन ने समय रहते अच्छे से नालों व सीवरेज की सफाई करवाई होती तो यह समस्या गंभीर न होती।



टोहाना। रतिया रोड पर जमा बरसाती पानी। *फोटो: हरिभूमि*



टोहाना। बरसात में बंद गाड़ी को धक्का मारते हुए राहगीर। *फोटो: हरिभूमि*

### दोपहर के बाद निकली धूप

फतेहाबाद में 26 जून के बाद बारिश नहीं हुई। लगातार 10 दिनों से लोग उमस व पसीने से तर-बतर गर्मी की मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग ने आज पूरे प्रदेश में बारिश की भविष्यवाणी की थी। रात एक बजे अचानक बादल गरजे और बारिश शुरू हो गई लेकिन 15-20 मिनट में ही बारिश थम गई। सोमवार सुबह 6 बजे आसमान में काली घटायें छाई तो लोगों के चेहरों पर भी खुशी छा गई। 12 बजे तक मौसम सुहावना बना रहा लेकिन बारिश नहीं हुई। दोपहर बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई जबकि जिले के जाखल, टोहाना, भूना, रतिया, अहरवां, भिरड़ाना, भोडिय़ा सहित अनेक गांवों में अच्छी बारिश हुई। बारिश से धान उत्पादक किसानों के चेहरों पर रौनक आ गई।

### पीली पड़ती जा रही है सीधी बिजाई वाली धान

बारिश से धान की सीधी बिजाई यानि डीएसआर की फसल को भी फायदा होगा। इस बार कृषि विभाग ने जिले में 75 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य रखा है। किसानों ने इस बार टारगेट से ज्यादा 1 लाख 12 हजार एकड़ भूमि पर धान की सीधी बिजाई की है जोकि लक्ष्य से 37 हजार एकड़ ज्यादा है। मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि दी जाएगी। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धान की सीधी बिजाई से खेतों में 15 से 20 फीसदी तक पानी की बचत होती है। इसके अलावा धान की रोपाई की बजाय सीधी बिजाई में खर्चा कम आता है। उधर, बताया गया है कि जिन किसानों ने सीधी बिजाई की थी, उन किसानों के खेतों में धान की फसल पीली पड़ती जा रही है।

### आज हुई बारिश

| | |
|---|---|
| ⏭ जाखल | 32 |
| ⏭ भटूकला | 4 |
| ⏭ टोहाना | 69 |
| ⏭ भुना | 10 |
| ⏭ कुला | 35 |
| ⏭ रतिया | 20 |
| ⏭ फतेहाबाद | 2 |

*स्त्रोत राजस्व विभाग (बारिश एमएम ) मे*




फतेहाबाद। बालिका पंचायत की अध्यक्षता करती सरपंच अस्तुति। *फोटो: हरिभूमि*

# फैसला : 9 अगस्त को होगी पहली बालिका बाल सभा

- बरसीन में बालिका पंचायत की पहली बैठक
- सरपंच अस्तुति की अध्यक्षता में लिए गए कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद।

जिला परिषद की पहल पर 22 अप्रैल को हरियाणा में गठित प्रदेश की पहली बालिका पंचायत, बरसीन की प्रथम बैठक का आयोजन ग्राम सचिवालय में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बालिका पंचायत की सरपंच अस्तुति कुमारी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में तय किया गया कि जुलाई माह में बालिका पंचायत पूरे गांव का सर्वेक्षण करेगी, जिसमें बेटियों और महिलाओं की स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पोषण और सुरक्षा संबंधी जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस सर्वेक्षण के आधार पर गांव की बेटियों की आवश्यकताओं का आंकलन कर योजनाएं बनाई जाएंगी। बालिका पंचायत में यह निर्णय भी लिया गया कि 9 अगस्त को पहली बालिका बाल सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें पूरे गांव की बेटियां भाग लेंगी। इस बाल सभा में महिला अधिकारी उपस्थित होकर कानूनी अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल शोषण, लैंगिक समानता आदि विषयों पर संवाद करेंगी। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत की बैठकों में यदि किसी महिला पंच की जगह उनके पति उपस्थित होते हैं तो भविष्य में केवल महिला पंच ही बैठकों में भाग लेंगी, जिससे महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि गांव में जब भी किसी नवजात बालिका का जन्म होगा, बालिका पंचायत उस परिवार के आंगन में नवजात के नाम पर पौधारोपण करेगी, जिससे बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश दिया जा सके। महिलाओं के स्वास्थ्य हित में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पुलिस कर्मियों की जांची फिटनेस

- एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित कैंटीन का किया औचक निरीक्षण
- आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की दक्षता बढ़ाने को लेकर मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की दक्षता बढ़ाने तथा पुलिस बल की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन फतेहाबाद में जनरल परेड एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर उपस्थित पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, ड्रेस कोड, अनुशासन, सजगता एवं आत्मविश्वास का गहराई से मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि एक दक्ष, सक्षम और जिम्मेदार पुलिस बल वही होता है जो न केवल शारीरिक रूप से फिट हो, बल्कि मानसिक रूप से भी हर परिस्थिति का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहे। जनरल परेड के उपरांत आयोजित मॉक ड्रिल में विशेष रूप से दंगा नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन से संबंधित परिदृश्यों का अभ्यास किया गया।



फतेहाबाद। पुलिस लाइन स्थित कैंटीन का निरीक्षण करते एसपी। *फोटो: हरिभूमि*

# सीवरेज लाइन की मांग को लेकर दिया धरना

- प्रशासन की उदासीनता पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौटाला हाउस से लेकर हिसार रोड को मिलाने वाली सडक़ को न बनाए जाने व इसी क्षेत्र में सीवरेज की नई पाइप लाइन न डाले जाने के विरोधस्वरूप क्षेत्रवासी सोमवार को सांकेतिक धरना देकर शासन प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया और नारेबाजी की। सिंचाई विभाग के साथ ही हिसार रोड पर धरने पर बैठे वार्डवासी अमर सिंह ज्याणी, दीपक भाटिया, दीपक मक्कड़, रमेश शर्मा, ललित सोनी, मुनीष कुमार, राज शर्मा, राजेंद्र सिंह, राजवीर सिद्धु, गुरविंद्र सिंह, रवि सोनी, ताराचंद, सतीश मक्कड़, नरेश नारंग, संजीव कुमार, हरिसिंह भारी, अनिल कासनिया, हवा सिंह, हरमेल सिंह, रघुवीर चंद, कुलदीप जांगू आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मार्ग इस समय बरनाला रोड से हिसार रोड को मिलाने का सबसे अहम मार्ग है और इस मार्ग के जर्जरावस्था में होने के बावजूद इसे बनाने की दिशा में कोई पहलकदमी नहीं की जा रही। इस सड़क के समीपस्थ बसी राम कॉलोनी, डीसी कॉलोनी, एडीसी कॉलोनी, गुरुनानक नगर आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों के हजारों लोगों का यहां से नित्य गुजर होता है।




सिरसा। सडक़ निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे वार्डवासी। *फोटो: हरिभूमि*

### एक साल से कर रहे संघर्ष

क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस अहम सड़क की जर्जरावस्था व इसी सड़क के एक हिस्से में सीवरेज की लाइन डालने को लेकर क्षेत्रवासियों की ओर से पिछले करीब एक साल से संघर्ष किया जा रहा है मगर प्रशासनिक उदासीनता के चलते इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है, जो पूरी तरह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला ने पहलकदमी करते हुए निकाय विभाग के आलाधिकारियों को निर्देशित कर इस अहम मार्ग को नवनिर्मित करने के आदेश जारी किए थी और उसी कड़ी में निकाय विभाग ने इस सडक़ के मैटल रोड के रूप में निर्माण के लिए 77 लाख 45 हजार से अधिक की राशि जारी की और 13 अगस्त 2024 को टेंडर लगाया गया। साथ ही बीती 20 अगस्त 2024 को टेंडर भी लॉर्ड शिवा कंपनी को वितरित किया गया।




फतेहाबाद। अस्पताल में सरकार की नीतियों का विरोध करते एनएचएम कर्मचारी।

# सरकार के ढुलमुल रवैये से खफा एनएचएम कर्मियों ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- तीन महीने के वेतन का तुरंत भुगतान हो, जिओ फेंसिंग हाजिरी का फरमान वापस ले सरकार: विपिन शर्मा

नेशनल हैल्थ मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे कर्मचारी सरकार व अधिकारियों के ढुलमुल रवैये से काफी गुस्से में है। नेशनल हैल्थ मिशन के कर्मचारियों ने आज स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ विरोध स्वरूप गेट मीटिंग की और नारेबाजी कर रोष जताया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विपिन शर्मा ने कहा कि पिछले 3 महीने से कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला है, जिस कारण उन्हें अनेक तरह की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के एडमिशन, घर का राशन सहित अन्य सभी तरह के काम करवाने में कर्मचारी स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत कर्मचारियों का जीवन यापन वेतन पर आधारित हैं लेकिन सरकार व अधिकारी इन कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बिलकुल गंभीर नहीं है। कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। विपिन शर्मा ने कहा कि विभाग ने अब कर्मचारियों को लोकेशन आधारित जिओ फेसिंग हाजिरी लगाने का फरमान जारी किया है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी पहले ही बायोमेट्रिक आधारित उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तो जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी प्रणाली के तहत दर्ज करवाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे भाग

**फतेहाबाद।** ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर कल होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में जिलेभर के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। हड़ताल की तैयारियों को लेकर हरियाणा चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन द्वारा जिलेभर में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया और इस हड़ताल को लेकर कर्मचारी वर्ग में उत्साह है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ यह हड़ताल निर्णायक और ऐतिहासिक साबित होगी। हरियाणा चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान विनोद कुमार भड़ोलांवाली ने कहा कि प्रदेश सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उनकी समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कर्मचारियों की मानी गई मांगों को भी लागू करने में भी आनाकानी कर वायदाखिलाफी कर रही है। ऐसे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 9 जुलाई को हड़ताल कर अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। हड़ताल के माध्यम से मांग की जाएगी कि मजदूर विरोधी लेबर कोडस् रद्द किया जाए। ठेकाकरण, निजीकरण, सरकारी विभागों को सिकोडना बन्द हो। सभी प्रकार के अस्थाई कर्मचारियों व स्कीम/ परियोजना वर्कर्स को स्थाई किया जाए। आठवें वेतन आयोग का गठन अति शीघ्र किया जाए। हरियाणा का अलग से वेतन आयोग बनाया जाए। न्यूनतम वेतन 26000 रूपए करो। जब तक वेतन आयोग लागू नहीं होता तो कर्मचारियों को 5 हजार रुपये मासिक अंतरिम राहत दी जाए।



विनोद कुमार भड़ोलांवाली।

- मांगों के समाधान को लेकर कल होगी हड़ताल

# युवक ने गटका जहर, फाइनेंसर कपड़ा व्यापारी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप

**फतेहाबाद।** फाइनेंस पर लिए गए पैसों को लेकर फाइनेंसर कपड़ा व्यापारियों द्वारा परेशान और दुव्र्यवहार करने से खफा एक युवक द्वारा चूहे मारने वाली गोलियां गटकने का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि कारोबारी ने पहले तो उससे अभद्र व्यवहार किया और फिर हाथापाई भी की। इसी से आहत होकर उसने चूहे मारने की गोलियां निगल लीं। युवक ने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें कारोबारी पर आरोप लगाए गए हैं। युवक को उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। अस्पताल में उपचाराधीन माजरा रोड निवासी युवक बलदेव ने बताया कि वह बर्तनों की दुकान पर काम करता है। उसने एक कपड़ा कारोबारी से दवाई लाने के लिए फाइनेंस पर पांच हजार रुपए लिए थे। उसने इन पांच हजार के बदले 5700 रुपए चुका दिए। इसके बाद उससे 10 हजार रुपए और लिए। उसने 10 हजार रुपए के 25 हजार रुपए बना दिए। सोमवार को उक्त कारोबारी ने उसके पास दुकान पर आकर अभद्र व्यवहार किया।

## 90 दिनों तक चलेगा राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता अभियान

# अदालतों में लंबित मामलों का बोझ होगा कम

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मार्गदर्शन में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नागरिकों तक सरल व सुलभ न्याय सुनिश्चित करने और अदालतों में लंबित मामलों का बोझ काम करने के लिए 30 सितंबर तक राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसका नाम राष्ट्र के लिए मध्यस्थता रखा गया है। यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने एडीआर केंद्र में मध्यस्तकारों के साथ बैठक की और रणनीति तैयार की गई। सीजेएम गायत्री ने बताया कि यह 90 दिन का अभियान है, जिसका उद्देश्य वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देना है।



फतेहाबाद। एडीआर सेंटर में मध्यस्तकारों के साथ बैठक करती सीजेएम गायत्री।

### कानूनी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर पर करें कॉल

सीजेएम गायत्री ने बताया कि कई तरह के मामलों में आपसी समझौता के आधार पर समाधान निकाला जा सकता है। इससे न्यायालय में बोझ कम होगा, जिनमें दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, संपत्ति विवाद मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता मामले, विभाग वसूली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त दीवानी व आपराधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आम जनता राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान, लोक अदालत और अन्य कानूनी जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 0167-231174 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी कॉल करके कानूनी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक,मंगलवार
8 जुलाई 2025



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना



असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।

## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे।

### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा
शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।



**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी।

---

परवरिश
दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर



अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें।

---

मेकअप
सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।



**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्यचराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी।



**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

डाइट
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।









**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### भूना पुलिस ने हेरोइन सहित एक को दबोचा

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत भूना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र साधु राम निवासी ढाणी भोजराज के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान टोहाना रोड, भुना पर मौजूद थी, तभी गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक आरा मशीन के पास खड़ा है और उसके पास नशीला पदार्थ हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को देखा। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया और तेजी से मुड़कर वापस जाने लगा।

### घर में काम करने वाली महिला सहित तीन काबू

**रतिया।** रतिया के वार्ड नं. 10 स्थित एक मकान में डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी होने के मामले को रतिया पुलिस ने पर्दाफाश करने में कामयाबी हासिल की है। घर में चोरी की वारदात को घर में ही काम करने वाली एक महिला ने अपने बेटे और बहू के साथ मिलकर अंजाम दिया था। रतिया पुलिस ने इनके खिलाफ अहम सुराग जुटाते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता ओमप्रकाश पुत्र रामलुभाया निवासी वार्ड नं. 10, रतिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर से लगभग 1 लाख 50 हजार की नकदी चोरी हो गई है।

### घर में घुसकर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बैनीवाल कालोनी में एक घर में घुसकर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घायल युवक की पत्नी 6 महीने पहले आरोपी के साथ चली गई थी लेकिन बाद में वह वापस लौट आई। आरोपी दोबारा उसे अपने साथ ले जाना चाहता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार उर्फ रविया पुत्र बलबीर सिंह उर्फ गिन्नी, निवासी गांव आसन, जिला रोहतक वर्तमान निवासी बैनीवाल कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### वाहन बिक्री में धोखाधड़ी करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान चंद्रभान उर्फ भाना राम पुत्र रणजीत सिंह निवासी वार्ड नं. 18, रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में अजय कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी हरपाल चौक, टोहाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर वैष्णव इंफोटेक नामक एक कंपनी के पेज पर एक वाहन टाटा 3118 एलपीटी, मॉडल 2017 की बिक्री का विज्ञापन देखा। सम्पर्क करने पर आरोपी ने स्वयं को कंपनी का कर्मचारी बताते हुएडील 11 लाख में फाइनल की।

## समाधान शिविर में खाद विक्रेता पर कार्रवाई की मांग

# बिना मैन्यूफेक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट लिखी खाद-बीज बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।

नगराधीश गौरव गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करें। सरकार का समाधान शिविर आयोजित करने का मकसद नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना है।

समाधान शिविर में मेहूवाला निवासी रमन कुमार ने खाद विक्रेता द्वारा बिना मैन्यूफेक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट लिखी खाद-बीज के बैग को बेचने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा गांव बोस्ती निवासी सत्यवान ने गाड़ी को बेचने उपरांत उसका रजिस्ट्रेशन रद्द करवाने, गांव धीड़ निवासी भूराराम ने बीपीएल कार्ड कटने उपरांत दोबारा बनवाने, गांव भट्टूकलां निवासी जयपाल सिंह ने मंडी में दुकान के सामने अवैध अतिक्रमण करने, दैयड़ ढाणी निवासी हवा सिंह ने अपने पास की ढाणी में से मुर्गा फार्म से आने वाली दुर्गंध से छुटकारा दिलवाने, भट्टू निवासी विनोद कुमार ने फसल की मंडी में बेचने उपरांत राशि खाते में अब तक ना डालने, गांव भोडिया खेड़ा निवासी सुमन ने परिवार पहचान पत्र में बेटे की आयु ठीक करवाने की मांग रखी। इसके अलावा गांव थेड़ी निवासी दलीप ने विकलांग एवं कैंसर पेंशन बनवाने, कृष्ण कुमार फतेहाबाद निवासी ने घर के सामने बिजली की ढीली तारों को ठीक करवाने, बलबीर सिंह ने ई-दिशा के कर्मचारी द्वारा खाते में से लोन ना उतारने व बार-बार परेशान करने, वकील खुशीराम ने तहसील में सभी कागजों को स्वयं सत्यापित की मान्यता प्रदान करने, गांव बीघड़ निवासी ने सुरेन्द्र कुमार ने विभाग द्वारा बिजली का मीटर न लगाने, ठाकर बस्ती निवासी चन्द्रकांता ने अपनी विधवा पेंशन बनवाने व बिजली का मीटर लगवाने, गांव धीड़ निवासी ने घर से जबरन मारपीट का बिजली का मीटर उखाड़ने, फतेहाबाद निवासी रोहताश ने बीपीएल कार्ड बनवाने, राजीव ने वोटर कार्ड में अपनी मां की उम्र ठीक करवाने, फतेहाबाद निवासी मनीष कुमार ने स्कूल द्वारा परीक्षा रोल नंबर ना देने, फतेहाबाद निवासी अनूप कुमार ने पीपीपी आईडी मर्ज करवाने, राजेश कुमार ने अपनी जमीन पर लगाए गए अवैध बिजली के कनैक्शन को हटवाने के खिलाफ कार्यवाही करने की शिकायत समाधान शिविर में रखी। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, उप अधीक्षक संजय कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### सिरसाः उपायुक्त ने सुनी जन समस्याएं



सिरसा। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त।

**सिरसा।** समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में 28 शिकायतें आईं। स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्घता के साथ स्थाई समाधान हो, यही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इस दौरान सीटीएम यश मालिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं हल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहें हैं।



सिरसा। बैठक में सरकार के खिलाफ रोष जाहिर करतेकर्मचारी।

## निजीकरण से आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी बिजली: बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

- कल 25 करोड़ से ज्यादा लोग हड़ताल में हिस्सा लेंगे

हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सोमवार को बैठक हुई। कर्मचारी नेता मदन लाल, अजय पासी व मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह बेदी ने कहा कि केंद्र कि सरकार पूरे देश के बिजली ढांचे को बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने का काम कर रही है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली पर प्राइवेट कंपनियों का कब्जा होने के बाद देश का औद्योगिक क्षेत्र बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएगा। जबरदस्ती आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर नीति लागू की जा रही है, जो गलत है। बिजली निगम में काम करने वाले कर्मचारियों पर यह नीति लागू नहीं होनी चाहिए, एक्सीडेंट की दुर्घटना बढ़ जाएगी, डिपार्टमेंट का भी काफी नुकसान होगा। सर्किल वाइज ड्यूटी होनी चाहिए, ताकि कर्मचारी भी अच्छे ढंग से काम कर सके, डिपार्टमेंट का भी फायदा हो, ऐसी नीति बननी चाहिए। जनता को भी अच्छी सुविधा मिले, कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान न किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन को लागू किया जाए, आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए, लाइन पर काम करते समय अचानक दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है शहीद का दर्जा दिया जाए, परिवार को एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जाए, आम जनता को सस्ते रेट में बिजली उपलब्ध करवाई जाए। इन तमाम मांगों को लेकर किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी आम जनता आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में 25 करोड़ से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे।

**यें रहे मौजूद**

इस मौके पर सुखदेव सिंह, बाबू लाल, मदन लाल, अशोक पटवारी, मीत चंद, जगतार सिंह, रोहतास, ताराचंद, ज्वाला सिंह, हरदीप सिंह, सुनील कुमार मेहला, बलदेव सिंह, दलीप सिंह, संजय, रोहतास शर्मा, ललित सोलंकी आदि मौजूद थे।

## गजब मेरे खाटू वाले... पर झूमे श्रद्धालु



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, हारा हूं बाबा पर तुम पर भरोसा है, छोड़ेंगे ना तेरा साथ ओ बाबा मरते दम तक, क्यूं घबराउं मैं मेरा तो श्याम से नाता है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद भजन गायक अक्षित गर्ग ने बाबा श्याम के श्रीचरणों में भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। उन्होंने भजन-तेरा है बाबा तेरा है हमें भरोसा तेरा है, नीला रे म्हाणै श्याम से मिला दे, खाटू गो श्याम रंगीलो से खाटू गो, गजब मेरे खाटू वाले गजब तेरे ठाठ निराले, आ गया मैं दुनियादारी सारी छोड़ कै, आएगा आएगा वो नीलै चढ़ के आएगा, श्याम बाबा गो श्रृंगार म्हाणै भावै सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। जिन पर श्याम भक्त जमकर नाचे। भजन संध्या के दौरान श्याम भक्तों ने बाबा श्याम को 56 भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया। रात को सवा नौ बजे श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्याम रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में संत विचार प्रेमानंद महाराज के निर्वाण दिवस पर सत्संग समारोह



**फतेहाबाद।** शक्ति नगर वार्ड नंबर 1 स्थित श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट नगली मंदिर में प्रांत स्मरणीय संत विचार प्रेमानंद महाराज के निर्वाण दिवस पर भंडारा एवं सत्संग संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आश्रम परिसर में भक्ति रस से ओतप्रोत भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी की गई, जिसे सभी ने भक्ति भाव से ग्रहण किया। समारोह में देशभर से पहुंचे संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्वामी विचार सेवानंद, आश्रम संचालक एवं ट्रस्ट अध्यक्ष, स्वामी ध्यान प्रेमानंद, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद, संत विचार शांतानंद, स्वामी अभेद योगानंद नंगली दरबार, संत आधार शब्दानंद, महामंडलेश्वर संत दिव्यानंद सत्यार्थी, स्वामी हरिअनमोला नंद, स्वामी निर्मोहानंद, आचार्य सूरज शास्त्री जम्मू, स्वामी ब्रह्मानंद ब्रह्मचारी अग्नि अखाड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा, और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को तुलसी का पौधा भेंट कर संतों ने उन्हें पर्यावरण और धर्म-संरक्षण का संदेश दिया।

## न्यूज डायरी

### तीन दिवसीय शिक्षक स्वाध्याय आनंदशाला संपन्न



**सिरसा।** भारतीय शिक्षण मंडल की तीन दिवसीय शिक्षक स्वाध्याय आनंदशाला सोमवार को संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में 170 अध्यापकों ने भाग लिया। भारतीय शिक्षण मंडल इकाई सिरसा व फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष बूटा राम व डॉ. हरमिंद्र सिंह की ओर से आयोजित इस आनंदशाला में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों व संस्थानों के प्राचार्यों, निदेशकों, चेयरमैनों, प्रोफेसरों, एसोसिएट व एक्सटेंशन प्रोफेसरों, स्कूल प्रवक्ताओं व अध्यापकों, पीएचडी स्कॉलरों व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। मंडल के जिलाध्यक्ष बूटा राम ने बताया कि इस आनंदशाला का आयोजन शिक्षक एवं शिक्षण को केंद्र बिंदु मान कर किया गया। इस आनंदशाला में भारतीय शिक्षण मंडल परिचय एवं गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी तथा विशेष रुप से उपस्थित भारतीय शिक्षण मंडल से गणपति तेती, संगठन मंत्री हरियाणा, पंजाब, दिल्ली प्रांत ने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** गोरीवाला चौकी पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के मामले में आरोपी ओमप्रकाश को काबू कर आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोगशुदा कार बरामद की है। गोरीवाला चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि संदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में संदीप ने बताया कि अपनी डेयरी की दुकान के सामने बैठा था। आरोपी द्वारा उस पर अपनी कार से उसे टक्कर मार दी। जांच के दौरान एएसआई सुखदेव सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर मामले की जानकारी हासिल की जाएगी।

### गेहूं चोरी मामले में वांछित आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज. कालांवाली। पुलिस ने 60 गट्टे गेहूं चोरी के मामले में वांछित आरोपी संदीप को काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि नरेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गेहूं चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीआईए स्टाफ व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 5 आरोपियों मक्खन सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी रामपुरा फूल जिला बठिंडा पंजाब, रामकृष्ण पुत्र सुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 3 तलवंडी साबो हाल मोड मंडी मिश्रा कॉलोनी जिला बठिंडा पंजाब, सोनू कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी छतरगढ़ जिला बीकानेर राज., सुनील कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी छतरगढ़ जिला बीकानेर राज व जगजीत सिंह पुत्र हरि राम निवासी मटदादू को काबू कर जेल भेजा था। आरोपी संदीप को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर इस मामले के बारे में गहनता से पूछताछ कर जानकारी हासिल की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के लिए अनिल ढिढारिया चयनित



**सिरसा।** तंजानिया में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में प्रदेश के 40 व्यापारियों का एक मंडल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। इस मेले में अनिल ढिंढारिया के साथ ब्लू लाइन इंडस्ट्रीज के मालिक अजय आहूजा, समाजसेवी विमला सिंवर सहित कुल 40 युवा उद्यमियों की टीम भी इस कार्यक्रम में भाग लेगी। निफा हरियाणा महासचिव दलवीर सिंह ने व्यापार मेले में अनिल ढिढारिया का चयन करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि अनिल ढिढारिया निफा, गार्गी फाउंडेशन, युवा क्लब, माई भारत और मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से लगभग पिछले 15 सालों से युवाओं को रोजगार एवं सामाजिक कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न जानकारियां दे रहे हैं तथा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी विशेष अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा की टीम ने गांव दडबां क्षेत्र से एक आरोपी को रंगे हाथों काबू किया है और उसके कब्जे से 26 पेटी देशी शराब बरामद की है। सीआईए प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम साहुवाला-2 रोड पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति शराब की पेटियों के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस द्वारा तुरंत उसे काबू किया गया। आरोपी की पहचान संदीप कुमार निवासी नाथूसरी कलां के रूप में हुई है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### गांव भरपूर के शमशान घाट में किया पत्रकार जसपाल सिंह का अंतिम संस्कार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के युवा पत्रकार जसपाल सिंह का गत दिवस निधन हो गया। सोमवार को पत्रकार जसपाल सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भरपूर, रतिया के शमशान घाट में किया गया। इस दौरान रतिया एसडीएम सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री हरियाणा के हिसार मंडल के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा भी पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी तथा इस दुख की घड़ी में उनका ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार, हिसार के उपनिदेशक सुरेन्द्र सैनी, फतेहाबाद प्रैस क्लब के अध्यक्ष विजय मेहता, सुरेंद्र असीजा, कपिल शर्मा, जितेंद्र मोंगा, हरबंस मंडेर सहित जिला के सभी पत्रकार मौजूद रहे। उपायुक्त मनदीप कौर ने भी पत्रकार जसपाल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### देव शयनी एकादशी व चांदनी दशमी पर श्रद्धालुओं ने की बाबा रामदेव महाराज की पूजा अर्चना



**फतेहाबाद।** देव शयनी एकादशी व आषाढ़ माह की चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज के दरबार में पहुंचे तथा संध्या आरती में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर अपनी हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारें लगाकर आसपास के माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना व अराधना की। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। जोत प्रज्जवलित होते हुए श्रद्धांलुओं ने जोत को नमन किया और मन्नतें मांगी। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज का चूरमा, मिश्रि, फल, मिष्ठान, मेवे व बताशें आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

### एमएम कॉलेज में फिजिकल काउंसलिंग कल विद्यार्थियों को दाखिले का एक और मौका

**फतेहाबाद।** शहर के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दाखिला लेने से चूके विद्यार्थियों के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा एक ओर मौका दिया गया है। कॉलेज में दाखिले से वंचित विद्यार्थियों के लिए 9 जुलाई को कॉलेज प्रांगण में फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि एमएम कॉलेज में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर कॉलेज में अपनी सीट सुनिश्चित करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर कोई विद्यार्थी डीएचई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाया या उसका दूसरे महाविद्यालय में एडमिशन हो गया हो और वह एमएम कॉलेज में एडमिशन चाहता हो तो ऐसे विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरी मौका है। ऐसे विद्यार्थी इस फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर कॉलेज में एडमिशन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में होने वाली फिजिकल काउंसलिंग में विद्यार्थियों की सहायता के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा पूरे प्रबंध किए गए हैं। हैल्प डेस्क पर जाकर विद्यार्थी पूरी जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो भी विद्यार्थी उपरोक्त कक्षाओं में दाखिला लेना चाहते हैं वे इन अपने ओरिजनल डॉक्युमेंट्स लेकर कॉलेज में पहुंचे और मौके पर फीस जमा करवाकर कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।

### खाटू श्याम धाम में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी रामशरण, उमेश व विजेंद्र ने विधि-विधान से संरक्षक भारत भूषण गुप्ता की देखरेख में पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद बाबा को भंडारा का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इसी उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें मंदिर कमेटी के प्रधान डा. श्याम सुंदर गुप्ता व डा. मनदीप सिंह ने अपनी मधुर वाणी से बाबा को रात भर रिझाया। भजन-चंदन चौक पुरावा मंगल कलश सजावा, प्यारा सा मुखड़ा, घुंघराले केश, कलयुग का राजा खाटु नरेश, मन की बातां सांवरिया न आज सुनाकर देख ले, हारे सिर पर है बाबा जी रो हाथ, कोई तो हारो काई करसी, शरणागत की श्याम, बाबा लाज बचाओ जी, थारी मोर छड़ी लहराओ जी, दानी हो कर क्यों चुप बैठा, ये कैसी दातारी रे, ओ श्याम बाबा, क्यों तेरे भक्त दु यारे रे, ओ श्याम बाबा, मुझे श्याम तेरा सहारा नहीं होता तो दुनियां में गुजारा कैसे होता, मोर छड़ी लहराई रे...पर रात भर श्रद्धालु झूमते रहे। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## आरपीएस के ईशान और अंशुल ने बैचलर आफ मैथमेटिक्स परीक्षा में पाई दूसरी व तीसरी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|महेंद्रगढ़

- अब ईशान व अंशूल की नि :शुल्क होगी रिसर्च, पांच हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा स्टाइपेंड
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता ने प्रवेश परीक्षा की आयोजित



महेंद्रगढ़। ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए।

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस की शौधपूर्ण शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में आरपीएस के बच्चे अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के हर अवसर प्रदान किए जाते हैं। इसी का नतीजा है कि अब उनके विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही विद्यालय से दो बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल करना विद्यालय व क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस के विद्यार्थी आज जिला व प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

**सम्मेलन** दिव्या युवा मंच का अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन सम्पन्न

# चार दिवसीय कार्यक्रम में 7 देशों के समाजसेवियों ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों पर की चर्चा

- 18 विभिन्न राज्यों के अलावा अन्य देशों के युवा कार्यकर्ताओ ने अपने अपने क्षेत्र में किये जा रहे समाजसेवी कार्यों के बारे मे जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ऐलनाबाद



सिरसा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जॉर्जिया व अफगानिस्तान की टीम को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

संस्था दिव्या युवा मंच के तत्वावधान में ऐलनाबाद में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हो गया। यह जानकारी देते हुए दिव्या युवा मंच के संस्थापक व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुभाष चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के 18 विभिन्न राज्यों के अलावा जॉर्जिया, अफगाानिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, लाइबेरिया, नाइजीरिया सहित अन्य कई जगहों से युवा कार्यकर्ताओ ने अपने अपने क्षेत्र में किये जा रहे समाजसेवी कार्यों के बारे मे जानकारी दी। इनमें देश विदेश के कई ख्यातिनाम वक्ता भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का उदघाटन सिरसा की पूर्व सांसद व भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य सुनीता दुग्गल ने किया। दुग्गल ने अपने संबोधन में दिव्या युवा मंच द्वारा किये जा रहे आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के एकमात्र ग्रह केवल पृथ्वी पर ही जीवन संभव है। लेकिन जिस प्रकार से हमारी पृथ्वी पर पर्यावरण असंतुलन बढ़ता जा रहा है, उससे आगामी 10-20 साल बाद यही पृथ्वी प्राणियों के रहने लायक नही रहेगी और यहां का जीवन संकट में पड़ जाएगा। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पृथ्वी पर जीवन को बचाने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित किये गए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है।

कार्यक्रम के समापन समारोह में भाई कन्हैया मानव सेवा आश्रम के संचालक पद्मश्री गुरविंदर सिंह ने अपने अनुभव सांझे किये और सभी डेलिगेट्स को आयोजक संस्था की ओर से सर्टिफिकेट व स्मृति चिह्न बांटे। शाम को सभी डेलिगेट्स ने ब्रह्माकुमारी आश्रम, रानियां का दौरा किया। जहां पानीपत से आए अंतरराष्ट्रीय स्पीकर ब्रह्माकुमार भारत भूषण व आश्रम की प्रभारी कमलेश दीदी के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने सभी डेलिगेट्स को ब्रह्म भोज करवाया वहीं माउंट आबू में भ्रमण करवाने का भी निमन्त्रण दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी डेलिगेट्स ने शहर की सिरसा रोड पर स्थित हरप्रभ सेवा सिमरन आश्रम का दौरा किया जहां आश्रम के संचालक जसविंदर सिंह खालसा व भारत विकास परिषद तलवाड़ा खुर्द के सदस्यों ने सभी का स्वागत किया। देश विदेश के डेलिगेट्स ने आश्रम में रह रहे लोगो से मुलाकात की तो उनकी कहानी जानकर सभी भावुक हो उठे। यहां से सभी डेलिगेट्स अपने अपने गंतव्यों के लिए प्रस्थान कर गए।

## खबर संक्षेप

### चालान काटने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**सिरसा।** पुलिस प्रशासन द्वारा चालान की आड़ में आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने के विरोध में अब कांग्रेस मैदान में उतर आई है। जिला कांग्रेस कमेटी, सिरसा की ओर से 8 जुलाई को सुबह 11 बजे एसपी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि चालान के नाम पर पुलिस आम नागरिकों को बेवजह परेशान कर रही है। पुलिस को सुरक्षा देनी चाहिए, न कि मानसिक उत्पीडऩ। चालान काटने के लिए पुलिस गलियों तक पहुंच गई और नाजायज परेशान कर रही हैं। चौक चौराहों पर पुलिस इस तरह घेराबंदी कर नाके लगाती हैं।

### एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**सिरसा।** एसडीएम मोहित कुमार ने सोमवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं, ओपीडी व्यवस्था, साफ-सफाई, दवा वितरण तथा डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अस्पताल स्टाफ किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें और अगर कोई समस्या हो तो, उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं और समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने स्टाफ को प्रेरित किया कि वे समर्पण के साथ कार्य करते रहें।

### धर्मार्थ प्याऊ का करवाया गया निर्माण

**सिरसा।** श्री कृष्ण मानव कल्याण समिति ने सोमवार को राजकीय उच्च विद्यालय नंबर-2 में स्कूल के बच्चों को गर्मी में ठंडा जल उपलब्ध कराने के लिए धर्मार्थ प्याऊ का निर्माण कराया तथा वाटर कूलर भी लगाया। समिति के प्रधान राजेंद्र बजाज एडवोकेट ने बताया कि संस्था के संस्थापक स्वर्गीय भगवान दास बजाज ने जिन उद्देश्यों को लेकर संस्था की स्थापना की थी, आज का यह कार्यक्रम इस कड़ी का ही एक रूप है। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व प्रधान आढ़ती एसोसिएशन मनोहर मेहता ने शिरकत की। मेहता ने कहा कि यह संस्था सही मायनों में समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रही है।

### सिंचाई उपकरणों के लिए किसान संपर्क करें

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले के सभी संबंधित खाल के उपभोक्ताओं, जमीन के मालिकों जो सूक्ष्म सिंचाई एवं विकास प्राधिकरण से सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था के अंतर्गत अपने खेतों में सूक्ष्म सिंचाई के लिए प्रावधान करवाना चाहते हैं, वे विभाग द्वारा मनोनित किए गए सूक्ष्म सिंचाई उपकरण के विकेताओं से ही संपर्क करें। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि अधिकृत डीलर की सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना : बागों व सब्जियों का बीमा करवाने की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई की गई, बीमे में 46 फसलें होंगी कवर, नाममात्र ही होगा प्रीमियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तारीख को बढ़ाकर अब 31 जुलाई कर दिया गया है। बागवानी के किसान इस योजना के तहत 46 फसलों जिसमें सब्जियां, फल व मसाले की फसलें शामिल हैं, का बीमा करवा सकते हैं। इससे पूर्व बीमा करवाने की अन्तिम तारीख 31 मई तय थी। बागवानी किसानों के जोखिम को कम करने के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना शुरू की हुई है। इस योजना के तहत बागों व सब्जियों आदि की कुल 46 फसलों को शामिल किया गया है। योजना के तहत किसानों की मांग पर सरकार ने जिन फसलों की बीमे की अंतिम तिथि 31 मई तय की थी उन्हें अब बढ़ाकर 31 जुलाई तक कर दिया गया है। किसान बीमा योजना हेतू अपना पंजीकरण विभागीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमबीबीवाई डॉट होर्थहरियाणा डॉट जीओवी डॉट आइएन पर करवा सकते हैं। फसल खराबे का मूल्यांकन मौके पर किसान द्वारा नुकसान की सूचना देने उपरांत निरीक्षण करके प्रति एकड़ हुए नुकसान के आधार पर किया जाएगा। किसानों को सब्जियों में अधिकतम राशि 30 हजार रुपये व फलों में अधिकतम राशि 40 हजार रुपये मिलने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जीरो से 25 प्रतिशत तक नुकसान होने पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। इसी प्रकार से 26 से 50 प्रतिशत में मुआवजा दर 50 प्रतिशत होगी जिसमें सब्जियों व मसालों में 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा फलों में 20 हजार रुपये प्रति एकड़, 51 से 75 प्रतिशत में मुआवजा दर 75 प्रतिशत जिसमें सब्जियों व मसालों में 22500 रुपये प्रति एकड़ तथा फलों में 30 हजार रुपये प्रति एकड़, 75 से अधिक प्रतिशत में मुआवजा दर 100 प्रतिशत जिसमें सब्जियों व मसालों में 30 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा फलों में 40 हजार रुपये प्रति एकड़ का प्रावधान किया गया हैं।

**इन फसलों का होगा बीमा**

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में सब्जियों की 23 फसलों अरबी, भिंडी, करेला, लौकी, बेंगन, पत्ता गोभी, शिमला मिर्च, गाजर, गोभी, मिर्च, खीरा, ककडी, खरबूजा, प्याज, मटर, आलू, कद्दू, मूली, तोरी, टिंडा, जुकिनी, टमाटर, तरबूज, फलों की 21 फसलें आंवला, बेर, चीकू, खजूर, ड्रैगन फल, अंजीर, अंगूर, अमरूद, जामुन, किन्नु, लेमन, नींबू, लीची, मालटा, संतरा, आम, आडू, नाशपती, आलु बुखारा, अनार, स्ट्राबेरी व मसाले की 2 फसलें हल्दी व लहुसन को शामिल किया गया है।

**यह होगी प्रीमियम राशि**

बागवानी फसलों का बीमा करने के लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्योरा का पंजीकरण करवाना होगा तथा इस योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ प्रीमियम राशि 2.5 प्रतिशत के बाद देना होगा जिसके अंतर्गत सब्जियों व मसालों के लिये 750 रुपये प्रति एकड़ व फलों के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ देना होगा। प्रीमियम की राशि देने के 72 घंटे के बाद बीमा पॉलिसी लागू होगी तथा उसके उपरांत ही फसल में हुए नुकसान का मूल्यांकन किया जाएगा।

**नुकसान की होगी भरपाई**

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे कि ओलावृष्टि, तापमान, पाला, जल कारक जैसे बाढ़, बादल फटना, नहर/ड्रैरन का टूटना, जलभराव, आंधी, तुफान व आग से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। जिन किसानों की फसल इन कारणों से खराब होती है, वह अपने खराबे की रिपोर्ट पोर्टल पर डालेंगे। खराबे के मूल्यांकन के बाद प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा प्रभावित किसानों के खातों में डाला जाएगा।

## घंटों लाइन में लगने के बाद खाली हाथ लौट रहे किसान

# डीएपी के लिए किसानों में मारामारी पुलिस की मौजूदगी में वितरण





सिरसा। खाद वितरण केंद्र पर खाद लेने पहुंचे किसान तथा मौके पर तैनात पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गेहूं सीजन के बाद अब नरमा-कपास के लिए भी किसानों को डीएपी खाद के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। सुबह-सवेरे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को शाम को बिना खाद के ही मायूसी के साथ घर लौटना पड़ रहा है। आए दिन खाद के लिए किसानों व प्रशासन के बीच हंगामा हो रहा है, इसके बावजूद सरकार व प्रशासन रटा-रटाया जवाब दे रहा है कि जिला में खाद की कोई कमी नहीं है। खाद वितरण के लिए अब पुलिस का भी सहारा लिया जाने लगा। सोमवार को जिला के खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ देखी गई। भीड़ को नियंत्रण के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में एक-दो बैग किसानों को खाद मिली। सिरसा के जनता रोड, जिला के गांव गुडियाखेड़ा सहित अन्य खाद वितरण केंद्रों पर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। किसानों का आरोप है कि कुछ लोगों को बिना नंबर के खाद दी गई, जबकि लाइन में लगे किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। असल में बारिश के बाद नरमा फसल की बुवाई होना बाकी है। इसलिए डीएपी की मांग एकाएक बढ़ गई है। इस सीजन में शुरू में ही डीएपी का टोटा चल रहा है। किसानों को पर्याप्त डीएपी नहीं मिल रही। जिन किसान को चार-चार डीएपी बैग चाहिए थे, उनको दो-दो बैग ही मिले। किसान प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। गुडियाखेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि आत्मा राम भाटिया ने बताया कि खाद की कमी काफी समय से चल रही है। इन दिनों बारिश के बाद फसल बुवाई के लिए डीएपी की जरूरत है। मगर किसानों को जरूरत के अनुसार खाद न मिलने से सभी परेशान है। वहीं कृषि विभाग भी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करवा रहा है। इसका नतीजा ये हैं कि किसान खाद के लिए इफको या कृभको सेंटर पर चक्कर काट रहे हैं। गुडियाखेड़ा के सेल प्वाइंट इंचार्ज जगदीश ने बताया कि 250 बैग डीएपी के आए थे जो कि किसानों को बांट दिए गए हैं।



फतेहाबाद। बैठक में चर्चा करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## शिक्षक, स्कूल लैक्चरर, मास्टर वर्ग 9 की हड़ताल में नहीं होंगे शामिल

- फतेहाबाद शिक्षक तालमेल कमेटी की बैठक में चारों संगठनों ने लिया सामूहिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्राथमिक शिक्षकों, स्कूल लैक्चरर, मास्टर वर्ग और डेमोक्रेटिक टीचरों ने 9 जुलाई की हड़ताल में शामिल न होने का निर्णय लिया है। इसको लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन तथा हरियाणा डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक फतेहाबाद शिक्षक तालमेल कमेटी के बैनर तले हुई। बैठक में चारों संगठनों ने 9 जुलाई को वामदलों के द्वारा प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल में शामिल ना होने का निर्णय लिया है। शिक्षक तालमेल कमेटी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि वे इस हड़ताल में भाग नहीं लेंगे। शिक्षक तालमेल कमेटी के सदस्यों का कहना है कि वैसे तो यह हड़ताल निजीकरण के विरोध में और पुरानी पेंशन को लागू करवाने के लिए की जा रही है लेकिन हड़ताल का आह्वान करने वालों का दोहरा चरित्र यह है कि उनके अपने राज्यों में निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पुरानी पेंशन लागू नहीं की जा रही और शिक्षक हितों को दरकिनार किया जा रहा है, इसलिए चारों शिक्षक संगठनों से जुड़े हुए शिक्षक इस हड़ताल में बिल्कुल भी शामिल नहीं होंगे। मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की तबादला नीति को लेकर निदेशक से जो बैठक हुई थी और जो सहमति बनी थी, अगर उसे अमल में नहीं लाया गया और विभाग ने अपनी मर्जी से तबादला नीति थोंपने की कोशिश की तो सभी शिक्षक संगठन एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे तथा तथा आम तबादले शिक्षकों के हित में करवाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

## पौधरोपण कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

- मुखर्जी के जीवन पर एक राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर एक लघु वीडियो भी दिखाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत फतेहाबाद द्वारा ब्लॉक भुना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य नीता व गांव के सरपंच सुखविंद्र कुमार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर एक राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर एक लघु वीडियो भी दिखाई गई। प्रधानाचार्य नीता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा प्रभाव डाला। वे एक ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय संविधान सभा के सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के सांस्कृतिक और शैक्षिक उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। सरपंच सुखविंद्र कुमार ने कहा कि आज का दिन हमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों और आदर्शों को याद दिलाता है।

डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और निस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विद्यालय के प्रांगण में फल एवं छायादार पौधे लगाये। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सूरज कुमार सहित विद्यालय का अन्य स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।




भूना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण करते विद्यार्थी व अन्य।

## क्रेसण्ट स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीओई पंचकूला के तत्वावधान में 'छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना' विषय पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम सीबीएसई की अनिवार्य 6 घंटे की इन-सर्विस ट्रेनिंग का भाग था। प्रशिक्षण में डॉ. संदीप कुमार एवं प्रियंका ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों, सहायक रणनीतियों तथा एवं में सकारात्मक वातावरण निर्माण पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान समूह चर्चा, गतिविधि आधारित शिक्षण, केस स्टडी विश्लेषण तथा माइंडफुलनेस जैसे अभ्यासों के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक अनुभव भी प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं समयानुकूल बताया।प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाते हैं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास हेतु एक संवेदनशील एवं जागरूक वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।



### पर्यावरण के लिए पौधरोपण समय की जरूरत: गुंबर

सिरसा। लायंस क्लब सिरसा की ओर से हरियाली संकल्प के तहत के अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। क्लब के प्रधान कृष्ण गुंबर ने बताया कि क्लब की ओर से शहर के हिसार रोड, डबवाली रोड, आईटीआई रोड सहित अनेक स्थानों पर सैकड़ों छायादार, औषधीय, फूलदार व फलदार पौधे रोपित किए गए। यही नहीं क्लब सदस्यों ने पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। गुंबर ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग की बढ़ती समस्या को रोकने और धरती को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण समय की मांग है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

## अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने का प्रयास

# भूथनकलां स्कूल के छात्र अक्षय कुमार ने किया नीट का एक्जाम क्रैक, शिक्षा समिति के प्रयास ला रहे रंग

- निशा कुमारी ने राष्ट्रीय बैंकिंग परीक्षा में सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरकारी स्कूल भूथनकलां के छात्र अक्षय कुमार ने देशभर के सरकारी मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन के लिए आयोजित की जाने वाली नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसके अलावा निशा कुमारी ने राष्ट्रीय बैंकिंग परीक्षा में सफलता हासिल कर कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में क्लर्क के पद पर चयन हुआ है। इन दोनों ही सफल छात्रों ने किसी भी प्राइवेट कोचिंग संस्थान से पढ़ाई नहीं की थी। यह सब संभव हो पाया है इस गांव के ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों के विचार और जुनून के चलते। इस खुशी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूथन कलां में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों अक्षय कुमार और निशा कुमारी को सम्मानित किया गया।

बता दें कि अक्षय कुमार ने अपनी मैट्रिक तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल भूथन कलां में ही पूरी की। उसके बाद 12वीं की परीक्षा मेडिकल स्ट्रीम के साथ नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी से पास की। हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा अक्षय ने क्रैक की। डॉक्टर बनने की पढ़ाई के लिए आयोजित की जाने वाली नीट परीक्षा की तैयारी के बारे में अक्षय कुमार ने बताया कि उसने कोटा या सीकर जैसे महंगे प्राइवेट संस्थानों में कोचिंग नहीं ली। पहली कक्षा से 12वीं कक्षा की मेडिकल पढ़ाई तक सरकारी स्कूल में ही शिक्षा हासिल की।

स्टेट बैंक में क्लर्क पद पर चयनित निशा कुमारी ने बताया कि उसने भी अपनी बारहवीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में और उसके बाद की पढ़ाई सरकारी कॉलेज से की है। निशा ने बताया कि हमारे सरकारी स्कूल किसी भी मायने में किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं। बस जरूरत है तो अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने की है। स्कूल के प्राचार्य नरेश रंगा ने बताया की यह सब सफलताएं निश्चित रूप से अध्यापकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। नीट की परीक्षा पास छात्र अक्षय के माता-पिता साधारण किसान हैं जबकि निशा कुमारी की मां गीता स्कूल में ही मिड डे मील वर्कर के रूप में कार्यरत हैं। समाज के इतने कमजोर तबके से ऊपर उठकर यह सफलता हासिल करना निश्चय ही हम सब के लिए गौरव की बात है। शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्याणी का कहना है कि आज से 5 साल पहले पूरे गांव ने इक होकर अपने सभी बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने का फैसला किया था। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान ओमप्रकाश कुलडिय़ा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी स्कूल अग्रणी है। सम्मान समारोह में स्कूल अध्यापक सुरेंद्र बिश्नोई, कुलदीप काजला, मीनाक्षी, सरोजबाला, कविता देवी, राकेश, वीरेंद्र सिंगला, रितु बाला, नीरू बाला के साथ-साथ शिक्षा समिति से रिंकू देवी प्रधान, शैलेंद्र, रमेश, ममता उप प्रधान, कर्मवीर, कविता, व नौजवान सभा से पवन भूथन भी उपस्थित रहे।



फतेहाबाद। सरकारी स्कूल भूथन कलां में राष्ट्रीय परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।